पेज थ्री देहरादून
देहरादून, मंगलवार, 10 मई 2022
पेज 8
हमारा दून

सीएम योगी आदित्यनाथ को भगवान हनुमान की मूर्ति भेंट करते हुए ऋतु खंडूड़ी।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने चारधाम यात्रा पर खड़े किए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। गढ़वाल दौरे से लौटे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने चारधाम यात्रा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने यात्रा को लेकर उत्तराखंड सरकार को घेरा है। बता दें कि करन माहरा 12 दिन के गढ़वाल दौरे के बाद देहरादून लौट चुके हैं। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान से स्थानीय व्यक्तियों को होने वाली कठिनाई को लेकर राज्य्य सरकार को घेरा। वहीं यह भी माना जा रहा है कि अपने गढ़वाल दौरे के बाद करन माहरा ने कई जिलों में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

### गौध्वज गंगा यात्रा का शुभारम्भ

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के दिव्य प्रागंण से आज राष्ट्रीय गौरक्षा व सनातन धर्म के निमित 10 मई 1857 को उठी क्रान्ति की 165 वीं वर्षगांठ पर गौध्वज गंगा यात्रा विश्व शान्ति हवन और पूजन के साथ राष्ट्रपति भवन दिल्ली के लिये निकली। क्रान्ति दिवस 10 मई 1857 मेरठ छावनी से उठी थी और क्रान्ति की ज्वाला पूरे देश में धधकी थी उसी की याद में माँ गंगा के पावन तट से स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने भगवा ध्वज दिखाकर गौध्वज गंगा यात्रा का शुभारम्भ किया। गौ माता और गंगा माता यही तो भारत माता की विशेषता हैं।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक मोंटे कार्लो को किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। चाहे आप लक्जरी के बारे में सोचें अच्छी जिंदगी के बारे में सोचें खूबसूरती के बारे में सोचें मोटरस्पोर्ट्स के बारे में सोचें तो आपको यूरोप के मोनाको मेंमोंटे कॉर्लो के बारे में सोचना ही पड़ेगा आज से करीब एक सदी से ज्यादा समय पहले पहले मोंटे कार्लो ने ग्लैमर और खूबसूरती की दुनिया में कदम रखा था चेक गणराज्य की कार निर्माता कंपनी ने मोटरस्पोर्ट्स में अपनी मौजूदगी सफलता से दर्ज कराई है।

### आयशर ट्रैक्टर्स ने लॉन्च किया प्राइमा जी 3

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माता, टैफे – ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड समूह के आयशर ट्रैक्टर्स ने आयशर प्राइमा जी3 सीरीज लॉन्च करने की घोषणा की। प्रीमियम ट्रैक्टरों की एक पूरी नई रेंज – आयशर प्राइमा जी3 सीरीज नए जमाने के भारतीय किसानों को ध्यान में रख कर निर्मित की गई है जो बेहतरीन स्टाइल वाले, कार्यक्षम और मजबूत ट्रैक्टर की चाह रखते हैं। आयशर प्राइमा जी3 40–60 एच.पी. रेंज में ट्रैक्टरों की एक नई सीरीज है।

# निर्मित आवासों का निर्माण जुलाई 2022 तक किया जाय पूर्ण

**समीक्षा**

- अपर मुख्य सचिव ने की ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा
- चम्पावत को छोड़कर अन्य सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों ने किया बैठक में प्रतिभाग

**संवाददाता**



देहरादून। अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन द्वारा सोमवार को देवेन्द्र शास्त्री भवन, सचिवालय में जनपद चम्पावत को छोड़कर अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों के साथ ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में ग्राम्य विकास से सम्बन्धित शासन के अधिकारी भी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव द्वारा विभाग के अन्तर्गत संचालित केन्द्र पोषित, राज्य पोषित एवं वाह्य सहायतित परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में जनपदवारध्योजनावार विस्तृत समीक्षा की गयी।

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कन्वर्जन्स के माध्यम से अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय पर ध्यान दिया जाय, साथ ही आगामी बैठक में कन्वर्जन्स के माध्यम से किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। ग्राम्य विकास विभाग के अधीन संचालित प्रत्येक योजना के अन्तर्गत सफलता एवं असफलता की कहानी तैयार कर प्रस्तुत करने एवं योजना आउटकम का विश्लेषण अध्ययन किये जाने के निर्देश भी अपर मुख्य सचिव ने दिये। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्पादित उत्पादों को आउटलेट के माध्यम से विपणन व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने के साथ ही दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत उद्योगों की मांग के अनुसार सम्बन्धित ट्रेडों में युवाओं को प्रशिक्षित किये जाने के निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अन्तर्गत माह जुलाई 2022 तक समस्त आवासों को पूर्ण किये जाने के निर्देश भी उन्होंने दिये। सभी विभागीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत विगत वर्ष के अपूर्ण कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश भी अपर मुख्य सचिव द्वारा सभी मुख्य विकास अधिकारियों को दिये गये।

बैठक में आनन्द स्वरूप, अपर सचिव/आयुक्त, ग्राम्य विकास, उदयराज सिंह, अपर सचिव, ग्राम्य विकास, श्रीमती रीना जोशी, अपर सचिव, ग्राम्य विकास, नरेन्द्र कुमार जोशी, निदेशक, उसाटा, उपायुक्त ग्राम्य विकास ए. के. राजपूत के साथ ही जनपद चम्पावत को छोड़कर अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पलायन की रोकथाम के लिये तैयार की जाय समुचित कार्य योजना

अपर मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत माह सितम्बर 22 तक कार्यों को पूर्ण करने तथा जिन भूमि स्वामियों की जमीन अधिग्रहण की गयी है का मुआवजा तत्काल भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गया। पलायन पर अंकुश लगाने की दृष्टि से पलायन रोकथाम योजना के अन्तर्गत रिवर्स पलायन पर जोर दिया जाय जिसके लिये समुचित कार्य योजना तैयार की जाय।

# असंगठित कामगारों के जनपदवार पंजीकरण के कार्य में तेजी लाए

**बैठक**

- सीएस ने ई–श्रम पोर्टल की राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक ली

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में ई–श्रम पोर्टल की राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को ई–श्रम के अन्तर्गत वर्तमान तक असंगठित कामगारों के जनपदवार पंजीकरण के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि श्रम कार्ड बनाने हेतु मजदूरों को कॉमन सर्विस सेंटर आने से मजदूरी का नुकसान होता है, इस बात का ख्याल रखते हुए श्रमिकों को उनके कार्यस्थल के आसपास ही रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु कैंप आयोजित किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण निशुल्क है। सीएससी केंद्रों को इसके लिए भारत सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को, श्रमिकों का पोर्टल पर निशुल्क पंजीकरण सुविधा उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ई–श्रम पोर्टल पर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया जा सके, इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, साथ ही दुर्गम क्षेत्रों में लगातार कैंप लगाकर श्रमिकों के पंजीकरण सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

ज्ञानतव्य है कि भारत सरकार द्वारा अगस्त 2021 में असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने हेतु ई–श्रम पोर्टल लॉन्च किया गया है। इसमें 16 से 59 वर्ष की आयु के घरेलू श्रमिक, मनरेगा कामगार, कृषि एवं भूमिधर मजदूर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, भवन निर्माण श्रमिक, ठेला एवं फेरीवाले, ईट–भट्टा मजदूर, मछुवारे सहित लघु एवं खुदरा दुकानदार पंजीकरण करवा सकते हैं, इसके साथ ही इसमें ऐसे कामगार जो ईएसआईसी या ईपीएफओ के सदस्य नहीं हैं या जो सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, भी पंजीकरण करवा सकते हैं।

### उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने यूपी सीएम योगी से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने मुख्य्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों की बीच उत्तराखंड के विकास और कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर लंबी वार्ता हुई। विधानसभा अध्यक्ष इन दिनों उत्तर प्रदेश के दौर पर हैं। इस क्रम उन्होंने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोकभवन स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने भगवान हनुमान की मूर्ति भेंट कर ऋतु खंडूड़ी का सम्मान किया।

कोटद्वार से विधायक व उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद ऋतु खंडूड़ी की योगी आदित्यनाथ से यह प्रथम मुलाकात है। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने ऋतु खंडूड़ी को उत्तराखंड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दीं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।